1075 LOVU SANGAM SCHOOL

LESSON NOTES AND ACTIVITIES

SUBJECT: HINDI SOLUTIONS YEAR 6

WORKSHEET #1

STRAND	लिखना और निर्माण करना
SUB STRAND	मूल पाठके प्रकार- मीडिया, साधारण संप्रेषण, साहित्यिक विषय
CONTENT LEARNING OUTCOME	विस्तृत श्रेणी के काल्पनिक व ज्ञानवर्धक ग्रंथों का रचना व तुलना करना

भाग १ : पुस्तक-- संस्कृति और नैतिक शिक्षा

पाठ १२- हमारा शत्रु- क्रोध । इस पाठ को पढ़े और नीचे दिए गए वाक्यों पर चर्चा करे ।

१. क्रोध हमारा सब से बड़ा शत्रु है।
२. गुस्सा आने पर व्यक्ति अपने आपे, काबू में नहीं रहता ।
३. क्रोध करने से हमारा बहुत नुकसान होता है ।
४. क्रोध करने से शरीर में पीड़ा होगी और मस्तिष्क में तनाव पैदा होगा ।
५. क्रोध करने वाला व्यक्ति ईश्वर से दूर हो जाता है ।
अभ्यास कार्य :
इन शब्दों के सामान अर्थ वाले शब्द लिखो ।

१. शत्रु - दुश्मन	२. क्रोध - गुस्सा
३. पीड़ा - दर्द	४. आपे - काबू
५. मस्तिष्क - दिमाग	६. स्वभाव - आदत
७. ईश्वर - भगवान	८. खोज - तालाश
९. नुकसान - हानि	१०. संसार - दुनिया

भाग २ : दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर इन वाक्यों को पूरा कीजिए ।

१. मुझे मालूम है कि तुम मुझसे बहुत खुश हो ।	के , कि, की, का
२. मच्छर लोगों में बिमारियाँ फैलाते हैं ।	फैलाते, फैलाता, फैलाती, फैलातीं
३. माँ ने रहूल को पत्र लिखा ।	लिखे, लिखी, लिखीं, लिखा
४. आदमी को अच्छा कार्य करना चाहिए ।	को, के, कि, ने
५. राजा दशरथ की तीन रानियाँ थीं ।	रानी, रानि, रानियाँ, रानीयाँ

भाग ३ : उद्धारण के अनुसार वाक्य को बदलो ।
उद्धारण : लड़का दौड़ता है । - लड़की दौड़ती है ।

१. घोड़ा चरता है । - घोड़ी चरती है ।
२. बूढ़ा लेटा है । - बूढ़ी लेटी है ।

३.बैल खड़ा है ।	-	गाय खड़ी है ।
४. मुर्गा दाना चुगता है ।	-	मुर्गी दाना चुगती है ।
५. पंडित प्रसाद् खाता है ।	-	पंडिता प्रसाद् खाती है ।

भाग ४: रिक्त स्थान की पूरती करो।

समाचार पत्र से लाभ

यह दुनिया **बहुत** बड़ी है लेकिन विज्ञान के आविष्कारों ने इसे बहुत छोटा बना दिया है । दुनिया के किसी कोने में कोई घटना हो जाए, दो चार घण्टों **में** हमें उसकी खबर मिल जाती है। दूसरे ही दिन ऐसी घटनाओं **की** खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हो जाती है। इसलिए पढ़े- लिखे लोग **रोज** सुबह ही समाचार पत्रों की प्रतिक्षा करते हैं । समाचार पत्र एक आसान साधन हैं जिनसे हमें दुनिया भर **की** खबरें प्रतिदिन मिलती रहती है ।

समाचार पत्र का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है समाचार देना । इससे हमें यह **पता** चलता है कि अपने देश में तथा संसार के अन्य देशों **में** क्या घटनाएँ घटी है। समाचार **पत्र** मानव जीवन का आवश्यक अंग है।
समाचार पत्रों को बिना किसी पक्षपात के सही समाचार लोगों को देना चाहिए। इससे ऐसे समाचार पत्रों की बिकरी तथा सम्मान स्वयं **प्राप्त** होंगे

शब्द ज्ञान - इन शब्दों को पढ़ो।

अपना, दर्द, बहुत, सरल, कठिन, पत्र, मदद, प्रसिद्ध, भावना, विचार